संक्षिप्त

माता जानकी की पूजा की

राजगढ़। कस्बे के चौपड़ बाजार स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में बुधवार प्रात: माता जानकी की मुंह दिखाई की रस्म अदा की गई। इस मौके पर मंदिर महंत पूरणदास पंडित मदन मोहन शास्त्री के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ माता जानकी की पूजा अर्चना की गई महिलाओं के द्वारा मंगल गीत गाए गए और माता जानकी को मीठे चावल का भोग लगाया गया दुल्हन के रूप में सजी माता जानकी की एक झलक पाने के लिए लोगों की उमडी इस मौके पर श्री जगन्नाथ मेला महिला समिति अध्यक्ष मीना खंडेलवाल राजेश्वरी गुप्ता गुड्डी गुप्ता सविता विजय पुस्पा गुप्ता संजू गोयल शीला खुटेटा गायत्री देवी मंदिर महंत पूर्ण दास आचार्य मदन मोहन शास्त्री आदि सदस्य मौजूद रहे।

धार्मिक यात्रा दस जुलाई से

अलवर। बांके बिहारी सेवा मित्र मण्डल, की ओर से वरिष्ठ नागरिक नि:शुल्क धार्मिक यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। मित्र मण्डल के ब्रजेश गुप्ता ने बताया कि 10 जुलाई को अलवर से खाटू श्याम के लिए यह यात्रा ओसवाल उच्च माध्यमिक विद्यालय, बस स्टैण्ड से दोपहर 3 बजे रवाना होगी। यह यात्रा केवल 60 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके वरिष्ठ नागरिको के लिए है जो पूर्णतया नि:शुल्क है।

परामर्श शिविर कल

श्रीमाधोपुर। लायंस क्लब श्रीमाधोपुर के सौजन्य से प्रत्येक माह के अंतिम दिवस पर आयोजित किया जाने वाला नि: शुल्क जांच एवं परामर्श शिविर इस माह भी 30 जून शुक्रवार को सुबह 10 से 12 बजे तक डा.महेंद्र तिवाडी हॉस्पिटल स्टेशन रोड श्रीमाधोपुर के बरामदे में आयोजित किया जाएगा। लायंस क्लब के अध्यक्ष सीताराम सैनी सेवानिवृत वैज्ञानिक से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिविर में शुगर, ब्लड प्रेसर की जांच नि:शुल्क की जाएगी साथ ही वजन तौलने की सुविधा भी शिविर में उपलब्ध रहेगी। शिविर में डा. महेंद्र प्रताप तिवारी द्वारा मरीजों को नि:शुल्क परामर्श सुविधा देंगे। क्लब अध्यक्ष सैनी ने श्रीमाधोपुर और आसपास के निवासीयो से शिविर का लाभ उठाने का आठाह किया है।

बेहतर शिक्षा से ही समाज सुयोग्य बन सकता है: विधायक वेद प्रकाश सोलंकी

चाकसू(निस)बुधवार को विधायक वेद प्रकाश सोलंकी क्षेत्र के दौरे पर रहे और इस दौरान विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यक्रमों में भागीदारी निभाई

कस्बे के चैंपेश्वर कॉलोनी डाकबंगला रोड वार्ड नंबर 30 में डेस्प्रिंग एकेडमी का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक वेद प्रकाश सोलंकी ने फीता काटकर किया

- चाकसू में राम मंदिर निर्माण और मनोहर तालाब के चारों ओर पाल का सुनियोजित विकास, सीसी सड़क एवं 4 पानी की टंकीयों के निर्माण की घोषणा

विधायक वेद प्रकाश सोलंकी चाकसू क्षेत्र के दौरे पर रहे और इस दौरान विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यक्रमों में भागीदारी निभाई।

आयोजकों ने मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण ,साफा बंधवा कर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में पालिका चेयरमैन कमलेश बैरवा ने कहा कि विधायक कोष का 90 पैसा शिक्षा पर खर्च किया गया है विधायक का मानना है शिक्षा से ही संपूर्ण विकास संभव है जिस पालिका पोषित आईडीएसएमटी कॉलोनी सहित अन्य कालोनियों का 15 वर्षों से विकास नहीं हुआ है उसका संपूर्ण विकास हमने करवाया है इसके अतिरिक्त जल्दी ही सबसे बड़े राम मंदिर का निर्माण करवाया जाएगा। विधायक सोलंकी ने अपने संबोधन में कहा कि बेहतर शिक्षा ही समाज को सुयोग्य बनाया जा सकता है चाकसू जैसे क्षेत्र में ऐसे स्कूल का होना जरूरी था इससे यहां के बच्चे अपने लक्ष्य तक पहुच सकेंगे। विधायक सोलंकी ने चाकसू में जब तक राम मंदिर का निर्माण नहीं होता है तब तक साफां नहीं बांधने की बात दोहराते क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्य गिनाते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता से जितने भी वादे किए है ,सभी पूरे किए हैं उनमें से अगर कोई काम रह गया है तो आप मुझे वोट मत देना वोट देना आपका अधिकार है आप विकास को वोट दें और अगर कोई विकास कार्य आपके नजर में हैं तो मुझे अवगत कराएं , विकास कार्य हर हाल कराए जाएंगे विकास कार्यों के साथ चलना चाहते हो तो मेरे साथ चलो अब चाकसू विकास के मामले में जयपुर से पीछे नहीं है जैसे पहले हुआ करता था। इस दौरान उन्होंने कॉलोनी में सीसी सड़क निर्माण , मनोहर तालाब के चारों ओर पाल का सुनियोजित विकासऔर क्षेत्र में पानी की समस्या के समाधान के लिए चार पानी की टंकीयों के निर्माण की घोषणा की।

25 लाख का मुआवजा मंजूर

खैरथल। राजीव गांधी कृषक साथी योजना के तहत कृषक परिवारों को 24.75 लाख रुपए का मुआवजा दिये जाने का निर्णय लिया गया है।

कृषि उपज मंडी समिति के सचिव सुरेन्द्र कुमार सैनी ने बताया कि बुधवार को समिति के प्रशासक एवं एसडीएम गंगाधर मीणा की अध्यक्षता में राजीव गांधी कृषक साथी योजना अन्तर्गत गठित सहायता समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें किसान / खेतिहरर मजदूर की कृषि कार्य करते समय दुघर्टना में हुई मृत्यु एवं अंगभंग होने पर सहायता राशि स्वीकृत की गई। उन्होंने बताया कि सहायता समिति द्वारा मृतक के 12 प्रकरण में सहायता राशि रू 24.00 लाख एवं अंगभंग के 03 प्रकरणों में सहायता राशि रू 0.75 लाख विचार विमर्श कर स्वीकृत करने का निर्णय लिया गया। प्रशासक ने निर्देशित किया है कि उक्त कल्याणकारी योजना में किसानों को त्वरित गति से सहायता दिये जाने के लिये बैठक का आयोजन प्रतिमाह कराया जावे। जिससे कि क्षेत्र के किसानों को योजना का लाभ समय पर मिल सके। उन्होंने बताया कि तीन दावेदारी के मामलों क्रो आगामी बैठक में विचाराधीन रखा गया जबकि दो मामले न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण, एक मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं होने तथा एक मामला निर्धारित अवधि उपरांत प्रस्तुत किए जाने पर निरस्त किया गया।

सार-समाचार

कलश यात्रा निकाली

राजगढ़। कस्बे के अवधूत दत्त आश्रम में आयोजित पंच कुंडात्मक श्री राम मारुति महायज्ञ को लेकर बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली। कस्बे के गणेश पोल स्थित गणेश मंदिर से भव्य कलश यात्रा बैंड बाजे के साथ प्रारंभ हुई। इसमें कथावाचक अमन भारती महाराज, यज्ञ आचार्य कपिल कृष्ण एवं ओम प्रकाश शास्त्री, जितेंद्र जीतू सैनी एवं अन्य की मौजूदगी में कलश यात्रा प्रारंभ हुई। कलश यात्रा का प्रमुख मार्गों में पुष्प वर्षा कर धर्म प्रेमी लोगों ने स्वागत किया। अवधूत दत्ता आश्रम में कलश यात्रा का समापन हुआ। महायज्ञ का समापन 3 जून को होगा। इस कार्यक्रम में भक्तमाल कथा का आयोजन होगा। श्रद्धालुओं में इस आयोजन को लेकर उत्साह एवं उल्लास का आलम है।

जल मंदिर का लोकार्पण

श्रीमाधोपुर।न्यायालय परिसर श्रीमाधोपुर में जल बचाओ, पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ समिति श्रीमाधोपुर के संरक्षक काली दास स्वामी स्वतंत्रता सेनानी एवं मुख्य अतिथि वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश क्र. सं,1 बबीता सैनी, वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश पायल गौतम,अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश श्रीमाधोपुर दिलीप सैनी व समिति सचिव सीताराम सैनी की उपस्थिति में बुधवार को जल मंदिर का लोकार्पण किया गया।इस दौरान उपस्थित सदस्यों के द्वारा एक पंपलेट का भी विमोचन किया गया जिसमें बताया गया कि मोटा अनाज अपनाओ जीवन निरोग बनाओ। पैंपलेट में 13 प्रकार के मोटे अनाजों की विशेषता एक कविता के माध्यम से बताई गई है।पम्पलेट राजस्थानी भाषा में रचित हैं जिसके लेखक एवं इतिहासकार ताराचंद मीणा ने मोटे अनाज की विशेषता बताई ।डॉ माधवसिंह ने 13 प्रकार के अनाजों के लिए कहा कि आज का यह कार्यक्रम विश्व का एक अभियान है जो प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अपनाना होगा। जिसका विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस अभियान पर जोर दे रखा है ।यह अभियान श्रीमाधोपुर की धरती से शुरू हुआ है, जो जन जन के लिए प्रेरणादायक सिद्ध होगा। विधि सलाहकार राजेन्द्र शर्मा ने इस अभियान को बीमारियों से छुटकारा प्राप्त करने के लिए एक औषधि के रूप बताया है। इस दौरान इस अभियान को घर घर तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया साथ ही एक हजार लीटर पानी की क्षमता की टंकी समिति के सदस्य रामरतन शिवशंकर सोनी के द्वारा भेंट की गई। जिनका उपस्थित सदस्यों ने राजस्थानी पगड़ी व पुष्पहार पहनाकर अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर दिनेश कुमार सिंह शेखावत अध्यक्ष अभिभाषक संघ श्रीमाधोपुर,साधुराम सैनी शिक्षाविद,श्योलूराम सैनी, एडवोकेट राजेंद्र शर्मा, एडवोकेट तेज सिंह शेखावत, एडवोकेट रामकिशन सैनी, एडवोकेट किशन लाल शर्मा ,एडवोकेट राजेंद्र कुमार गुप्ता, एडवोकेट रामलाल सैनी, झाबर मल महला पूर्व प्रधानाचार्य, एडवोकेट बाबूलाल चौधरी, शिव कुमार वर्मा वरिष्ठ अध्यापक, एड.रामावतार सैनी- द्वितीय, एड.सुभाष चन्द्र यादव, बजरंग लाल कुमावत और राजू बागवान उपस्थित थे।

मंत्री ने निर्माण कार्य का निरीक्षण किया

अलवर। केबिनेट मंत्री टीकाराम जूली ने अलवर ग्रामीण क्षेत्र के माच का तिराहा से हाजीपुर तक करीब 90 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सडक़ निर्माण के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने सडक बनाने वाली एजेंसी को गुणवतापूर्ण एवं मापदण्डों के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि सडक निर्माण कार्य यदि गुणवतापूर्वक नहीं किया जाए तो इसकी सूचना देकर एक जागरूक नागरिक का कर्तव्य निभाएं ताकि कार्य गुणवता के साथ कराया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार तत्परता एवं प्रतिबद्धता के साथ प्रदेश वासियों के कल्याण के लिए निरंतर उल्लेखनीय कार्य कर रही है।

चिकित्सक दिवस पर होंगे तीन दिवसीय कार्यक्रम

अलवर। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन अलवर द्वारा 1 से 3 जुलाई 2023 तक लगातार तीन दिवसीय कार्यक्रमों द्वारा चिकित्सक दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा।

आई एम ए अलवर के सचिव डॉ विजय चौधरी ने बताया कि 1 जुलाई से 3 जुलाई तक लगातार तीन दिवसीय कार्यक्रमों द्वारा चिकित्सक दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर डॉ. एन.के. अलवा डीन – ई एस आई सी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल अलवर ,समारोह अध्यक्ष डॉ. जी. एस. सोलंकी ,विशिष्ट अतिथि डॉ. श्रीराम शर्मा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा डॉ. सुनील चौहान प्रमुख चिकित्सा अधिकारी होंगे।

1 जुलाई 2023 – सुबह 7-00 बजे राजीव गांधी सामान्य चिकित्सालय परिसर में वृक्षारोपण एवं उनकी सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाए जाएंगे जिसमें सभी चिकित्सकों से वृक्षारोपण करवाया जाएगा जिसके कार्यक्रम संयोजक डॉ विजय पाल सिंह यादव एवं रेड क्रॉस यूथ चेयरमैन शशि झालानी होंगे। साँय 8-00 बजे सम्मान समारोह चिकित्सा के क्षेत्र में एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी कार्य करने वाले चिकित्सकों एवं उनके प्रतिभावान लाडले बेटे, लाडली बेटियों का सम्मान समारोह तथा सभी आई एम ए के पास प्रेसिडेंट का सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा ! 2 जुलाई को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर शिक्षक दिवस के उपलक्ष में सुबह 9:00 बजे स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन आई एम ए हॉल अलवर में किया जाएगा जिसके कार्यक्रम के संयोजक डॉ सुरेंद्र जैन तथा सेंट जॉन एंबुलेंस इंडिया अलवर ब्रांच के चेयरमैन गिरीश गुप्ता होंगे 3 जुलाई को पोषण आहार कार्यक्रम इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर के चेयरमैन एवं आई एम ए के अध्यक्ष डॉ एस सी मित्तल ने बताया कि जिला क्षय रोग विभाग के डॉ योगेन्द्र शर्मा जी द्वारा चयनित एम डी आर टीवी रोगियों को रेड क्रॉस सोसायटी अलवर के सहयोग से आई एम ए अलवर द्वारा पोषक आहार के पैकेट वितरित किए जाएंगे।

शाहपुरा में राव राजेंद्र सिंह का जन्मोत्सव मनाया

शाहपुरा (जयपुर)। पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राव राजेंद्र सिंह का तीन दिवसीय जन्म उत्सव कार्यक्रम एवं अटल सम्मेलन शाहपुरा हनुमंत निवास बाग में भव्यता पूर्ण रूप से हजारों समर्थकों के बीच में मनाया गया। शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र मीडिया प्रभारी मनोज कुमार टांक ने बताया कि राव साहब का जन्म उत्सव कार्यक्रम के तहत मंगलवार को ठाम नवलपुरा से सैकड़ों गाड़ियों का हुजूम शाहपुरा प्रधान कार्यालय के लिए रवाना हुआ जिसका जगह-जगह समर्थकों ने पलक पावडे बिछाते हुए आतिशबाजी करते हुए माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। शाहपुरा पहुंचने पर शाहपुरा नगर मंडल अध्यक्ष महेश मित्तल, शाहपुरा देहात मंडल अध्यक्ष मोहन लाल गुर्जर, मनोहरपुर मंडल अध्यक्ष रामप्रकाश सैन व उनकी टीम एवं भाजपा समर्थकों का यह हुजूम एक विशाल रैली का रूप धारण कर लिया जिसमें हजारों लोग शामिल होते हुए हनुमत निवास बाग पहुंचे। कार्यक्रम में 11 पंडितों ने मंत्रोच्चार से राव राजेंद्र सिंह एवं महारानी भुवनेश्वरी के द्वारा भगवान की पूजा अर्चना करवाई गई तथा त्रिवेणी धाम के संत श्री 1008 खोजीद्वाराचार्य रामरीछपाल दास जी महाराज, खोरी परमानंद धाम के संत हरि ओमदास जी महाराज, प्रह्लाददास जी महाराज कुंडा धाम ने राव साहब को दीर्घायु, स्वस्थ जीवन एवं मानव सेवा के लिए आशीष प्रदान किया। राव साहब के जन्मोत्सव कार्यक्रम पर विगत दिनों निजी अस्पताल पर लापरवाही के आरोप के चलते शाहपुरा के ग्यारसी लाल मेहरा की पत्नी का आकस्मिक निधन पर अस्पताल प्रशासन एवं सामाजिक संस्था द्वारा सहायतार्थ ढाई लाख रुपए देने के वादा करने के बाद मुकर जाने पर राव साहब द्वारा स्थापित स्वर्गीय रावधीर सेवा मंडल को दिए गए दिशा निर्देश पर मृतक के नाबालिक दोनों बच्चों को सहायतार्थ एफडी के कागज त्रिवेणी धाम के संत श्री 1008 खोजीद्वाराचार्य रामरीछपाल दास जी के हाथो दिलवाए गए जिस पर सभा में उपस्थित सभी लोगों ने राव साहब के दरियादिली की खूब प्रशंसा करते हुए तालियां बजाकर राव साहब जिंदाबाद के नारे लगाए।

संतों के सानिध्य एवं उपस्थित अतिथिगणों एवं भारी समर्थकों के बीच राव साहब ने जन्मदिन का केक काटा तथा लोगों ने राव साहब का मुंह मीठा कराकर जन्मदिन की बधाइयां दीं। बधाई देने वालों का हुजूम इस प्रकार हो गया की मंच में खड़े होने की जरा सी भी जगह नहीं मिलने पर राव साहब ठाउंड में नीचे उतर गए जिसपर सभी लोगों ने लाइन बनाकर के राव साहब को माला एवं साफा पहनाते हुए बधाइयां दी। शाहपुरा नगर पालिका के भाजपा पार्षदो ने 51 फीट का साफा एवं माला पहनाकर राव साहब का स्वागत किया वही पर माली समाज द्वारा राव साहब को 65 फीट लंबा साफा एवं 51 किलो की माला पहनाते हुए भारी सम्मान किया।

प्रधानमंत्री ने किया किसानों का असली सम्मान : गुड्डू सैनी

अलवर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने पर "लाभार्थी किसानों का सम्मेलन" रामगढ़ विधानसभा के गॉव अलावडा में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा अलवर (दक्षिण) जिलाध्यक्ष गोरधन सिंह सिसोदिया की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

सम्मेलन के मुख्यवक्ता भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी गुड्डू सैनी ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोदी ने देश के 11.5 करोड किसानों को किसान सम्मान निधि देकर सम्मान दिया है, वह बहुत सराहनीय है और यही किसानो का असली सम्मान है इससे किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है एवं राजस्थान की किसान विरोधी सरकार के कुशासन को अपने उद्बोधन में विस्तार से बताया।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि भाजपा अलवर (दक्षिण) जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता ने किसानो को प्रशस्ति पत्र देकर किसानों का सम्मान किया और मोदी जी द्वारा चलाई जा रही गरीब कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। सम्मेलन में दूर-दराज से आये किसान भाईयों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की प्रसंशा की।

सम्मेलन के अति विशिष्ठ अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष दिनेश भार्गव ने नवाचार से की जाने वाली खेती और प्राकृतिक खेती के बारे में सम्बोधित किया। रामगढ पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहुजा ने किसानों को सम्बोधित करते हुए मोदी की योजनाओं के बारे में बताया और राजस्थान की झुठी कांगेस सरकार के खोखले वादों को विस्तार से बताया। रामगढ विधानसभा प्रत्याशी रहे सुखवन्त सिंह ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोदी ने सभी वर्गों का ध्यान रखते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं को शुरू किया है उससे सभी वर्गों को लाभ पहुँचाया है। हम सभी किसानों को मिल कर मोदी जी को मजबूत करना है जिससे हमारा देश ओर मजबूत हो सके। आज के सम्मेलन में मुख्य अतिथि, मुख्यवक्ता एवं अतिथियों ने 101 किसानों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मेलन में भाजपा जिला उपाध्यक्ष देशराज वर्मा, विधानसभा विस्तारक दीपराम भूमणा, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष सुदेश खाम्बारा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष राजेन्द्र मुर्तिकार सहित सेकडों किसान भाई सम्मलित हुए।

पीड़ित परिवार से मिले जुबेर खान

अलवर। नौगावां कस्बे में जमीन विवाद में दो चचेरे भाइयों की हत्या के मामले में पूर्व विधायक जुबेर खान परिवार से मिलने पहुंचे और उन्हें ढाढस बधाया। राज्य मंत्री जुबेर खान ने कहा कि जो मामले में अपराधी हैं। उन्हें किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। कानून को हाथ में लेने की इजाजत किसी को भी नहीं है। परिजनों से राज्य मंत्री ने कहा कि उन्हें जहां भी मदद की आवश्यकता हो वह निसंकोच हमें बताएं। हम उनकी हर संभव मदद करेंगे।

गौरतलब है कि 26 जून को नौगांव में जमीन विवाद में एक ही परिवार के लोगों के बीच जमकर खूनी संघर्ष हो गया था। जिसमें लाठी फंसे भी चले थे और उस घटना में 3 महिलाओं समेत 18 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इनमें दो चचेरे भाइयों मंगतू पुत्र श्रवण तथा बृजेश पुत्र सरवन माली की मौत हो गई थी। इस दौरान रामगढ प्रधान नसरू, ब्लॉक अध्यक्ष बबली पंडित, राजू सरपंच समेत कई लोग मौजूद रहे।

ईद-उल-जुहा के स्वागत में सजी बकरा मंडी

मनोहरपुर। 3 दिवसीय ईद उल जुहा 29 जून गुरुवार से शुरू होगा जो कि 1 जुलाई शनिवार तक चलेगी इसके लिए बकरा मंडी सज गई हैं इसमे बकरों की खरीद फ़रोख्त चल रही हैं जगह जगह पर बकरों की मंडी लगी हुई हैं इन बकरों की कीमत कम से कम 20 हजार से लेकर 70 हजार रुपए तक हैं कुछ लोग जयपुर की मंडी से मोटे ताजा बकरे खरीद कर जब घर लेकर गए तो बकरे के तीव्र गति से दस्त हुए इसके बाद बकरा पिचक गया (दुबला होगया) तब पता चला कि वो ठगी के शिकार हो गए है!

बकरे पालन के लिए बकरे की जमुनापुरी, ब्लैक बेंगाल, बारबरी, बीटल, सिरोही, मारवाड़ी, चंगथगी, चेगु, गंजम, उस्मानाबादी नस्लें अच्छी मानी जाती है। बकरी की यह नस्ल उत्तर प्रदेश के इटावा जिला और पहाड़ी क्षेत्रों जमुना, गंगा और चंबल क्षेत्रों में पाई जाती है। इस बकरी का शरीर बड़े आकार का होता है और इसके शरीर पर लंबे बाल होते हैं। सामान्यत: इस बकरी का रंग सफेद और चहरे पर हल्के पीले रंग का होता है जो हल्के गहरे भूरे रंग के धब्बे के साथ गर्दन और चहरे पर होते हैं। इसके अलावा इस प्रजाति की कुछ बकरियों के शरीर पर गहरे या काले रंग के धब्बे भी पाए जाते हैं। इसके कान लंबे और मुड़े हुए सपाट और लटकते हुए होते हैं। इसकी नाक उभरी हुई होती है। इसके पैर बड़े और लंबे होते हैं। इस प्रजाति की बकरे की नस्ल बिहार, उड़ीसा और पश्चिम बंगाल में पाई जाती है। यह मुख्यत: काले रंग की होती है। इसके अलावा यह भूरे, सफेद और सलेटी रंग में भी पाई जाती है। लेकिन अधिकांशत: ये काले रंग में होती है। इस नस्ल की बकरे मुख्यत: पंजाब, राजस्थान, आगरा और यूपी के जिलों में पाई जाती है। इस प्रजाति की बकरी का कद मध्यम होता है। इसका शरीर सघन होता है। इसके कान छोटे और चपटे होते हैं।

बकरे की बीटल नस्ल अधिकांशत: पंजाब और हरियाणा राज्य में पाई जाती है। बीटल बकरी मुख्य रूप से मांस और डेयरी के लिए पाली जाती है। इस नस्ल की बकरी की टांगे लंबी होती हैं। इसके कान लटकते हुए होते हैं। इसकी पूंछ छोटी पतली होती है। इसके सींग मुड़े हुए होते हैं।

इस नस्ल की बकरी प्राय: गुजरात के पालमपुर और राजस्थान के सिरोही जिले में पाई जाती है। इसका आकार छोटा होता है। इस नस्ल की बकरी का शरीर भूरे रंग का होता है और इसके शरीर पर हल्के भूरे रंग के धब्बे होते हैं। इसके कान चपटे और लटकते हुए होते हैं। इसके सींग छोटे और मुड़े हुए होते हैं। इसके बाल मोटे होते हैं। इस नस्ल की बकरी गुजराज और राजस्थान के प्रदेशों में पाई जाती है। यह मध्यम आकार की होती है। इसका शरीर लंबे बालों से ढका हुआ होता है। इसका रंग काला होता है। इसके कान चपटे होते है और सींग छोटे नुकीले और पीछे की ओर मुड़े हुए होते हैं। बकरी की यह नस्ल लद्दाख के चंगथगी क्षेत्र लाहौल व स्पीती में पाई जाती है। इसका रंग सफेद, काला और भूरा होता है। इसके कान लंबे और लटके हुए होते हैं। इसके सींग अर्द्धवर्ताकार लंबे और बाहर की ओर निकले हुए होते हैं। इसका चेहरा बालों से ढका हुआ रहता है। बकरी की ये नस्ल उत्तराखंड के पर्वतीय जिले उत्तराकांशी, चमोली, पिथौरागढ जिले में पाई जाती है। इस नस्ल की बकरी का आकार मध्यम होता है। इसका रंग सफेदी लिए भूरा होता है। इसके सींग ऊपर की ओर उठे और मुड़ावदार होते हैं। इस प्रजाति की बकरी ओडिशा राज्य के गंजाम व कोरापुट जिले में पाई जाती है। इस नस्ल की बकरी का कद ऊंचा होता है। इसका रंग काला, भूरा और धब्बेदार होता है। इसके कान मध्यम आकार के होते हैं। इसके सींग लंबे और ऊपर की ओर उठे हुए होते हैं। इस प्रजाति की नस्ल महाराष्ट्र के उस्मानाबाद प्रांत में पाई जाती है। इसका शरीर मध्यम आकार का होता है। इसका रंग काला होता है।

उल्लेखनीय हैं कि ठामीण इलाकों में बकरे पालन प्रचलित बिजनेस में से एक है। जो लोग गाय-भैंस नहीं पाल सकते हैं, वे बकरी पालन करके अच्छा पैसा कमा सकते हैं। बकरी को गरीब की गाय भी कहा जाता है। बकरी पालन से दो तरह से कमाई की जाती है।

चतुर्मास सत्संग ज्ञान यज्ञ समारोह के पोस्टर का विमोचन किया

फुलेरा। कस्बे के श्रीरामनगर स्थित श्री दादू आश्रम पर बुधवार को महन्त संत रामप्रकाश स्वामी के सानिध्य एवं विधायक निर्मल कुमावत के द्वारा श्री गुरु पूर्णिमा महोत्सव एवं द्वादशवा चतुर्मास सत्संग ज्ञानयज्ञ समारोह के पोस्टर का विमोचन किया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए दादू आश्रम के व्यवस्थापक धर्मेन्द्र दास स्वामी ने बताया कि इस अवसर पर श्री दादू आश्रम के महन्त संत रामप्रकाश स्वामी ने दादू दयाल जी महाराज के निज मन्दिर में पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर पोस्टर का विमोचन किया गया। इस मौके पर दादू आश्रम व्यवस्थापक धर्मदास स्वामी, पुराना फुलेरा ठाकुर जी मन्दिर के पुजारी पण्डित शिवनारायण शर्मा, शिक्षाविद नटवर लाल शर्मा, पार्षद सरदार चौधरी, समाजसेवी दामोदर कुमावत, सत्यनारायण कुमावत, रामवतार कुमावत सहित अन्य लोग

- श्री दादू आश्रम के महन्त संत रामप्रकाश स्वामी ने दादू दयाल जी महाराज के निज मन्दिर में पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित किया

महन्त संत रामप्रकाश स्वामी के सानिध्य एवं विधायक निर्मल कुमावत ने श्री गुरु पूर्णिमा महोत्सव एवं द्वादशवा चतुर्मास सत्संग ज्ञानयज्ञ समारोह के पोस्टर का विमोचन किया।

चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण

श्रीमाधोपुर। ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्रीमाधोपुर /अजीतगढ डॉक्टर राजेश सिंह मंगावा ने ब्लॉक के 5 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का बुधवार को औचक निरीक्षण किया। डॉक्टर सिंह के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दिवराला में स्टाफ निर्धारित गणवेश व बिना परिचय पत्र के मिला, मेडिसन स्टोर का रजिस्टर संधारण नहीं पाया गया, जबकि साफ-सफाई संतोषजनक पाई गई ,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदासकाबास में संविदा पर कार्यरत एलटी अनीता यादव 24 जून से अनुपस्थित व कंप्यूटर ऑपरेटर हेम सिंह बिना किसी पूर्व सूचना के नदारद मिला एवं अन्य स्टाफ बिना निर्धारित गणवेश व परिचय पत्र के पाया गया , लेबोरेटरी रजिस्टर में 13 अप्रैल के बाद प्रविष्टि दर्ज नहीं थी, वह रिकॉर्ड भी सुरक्षित नहीं था, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हाथीदेह में श्रवण कुमार ,अशोक कुमार मीणा व सुनीता यादव बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित मिले वहीं स्टाफ बिना निर्धारित गणवेश व परिचय पत्र के पाया गया, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सांवलपुरा तवंरान में रिकार्ड अव्यवस्थित मिला।

डॉ. पंकज सिंह का बानसूर दौरा, युवाओं में दिखा ज़बरदस्त जोश

डॉ. पंकज सिंह बानसूर उपजिला जिला हॉस्पिटल के पी एम ओ डॉ मनोज यादव के जन्मदिन में हुए शरीक।

मनोहरपुर। युवा नेता रोहित पटेल, सत्यनारायण स्वामी, हनुमान यादव, नरेंद्र चौधरी, मंडलाध्यक्ष बीजेपी, के नेतृत्व में स्वागत हुआ! चतुर्भुज टोल प्लाजा से स्वागत शुरू हुआ,डॉ पंकज सिंह बानसूर उपजिला जिला हॉस्पिटल के पी एम ओ डॉ मनोज यादव के जन्मदिन में हुए शरीक, बड़े हर्षोउल्लास से मनाया जन्मदिन।

बानसूर अलवर चौराहे पर स्थित भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को किये श्रध्दा सुमन अर्पित। बाबरिया सरपंच महेश रावत के घर पर हुई चाय पर चर्चा उसके बाद बावरिया गांव में बाबा मांगू दास जी महाराज के शिष्य हरिदास जी से आशीर्वाद लिया उन के हनुमान मंदिर परिसर आयोजित 108 कुंडीय यज्ञ में शामिल होकर आध्यत्मिक चेतना को प्राप्त किया व प्रसाद ठाहण किया।

सभी महिलाओं को नि:शुल्क डिलीवरी व निम्स में पैदा होने वाले सभी बच्चे बच्चियों को 11 हज़ार के चेक व बच्चियों को ताउम्र नि:शुल्क व्यावसायिक शिक्षा देने की करी घोषणा जिसका सभी ठामवासियों ने किया स्वागत।